प्रेस नोट

जनपद – संतकबीरनगर

दिनाँक 20.03.2026

डायल112 व थाना महुली की संयुक्त कार्यवाही से बाइक चोरी की सूचना निकली अदला-बदली, दोनों बाइक बरामद

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री संदीप कुमार मीना*** के निर्देशन,अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सुशील कुमार सिंह*** के मार्गदर्शन में ***डायल 112 पुलिस*** व ***थाना महुली पुलिस*** की संयुक्त कार्यवाही द्वारा अदला बदली हुयी दोनो बाइकों को आज दिनाँक 20.03.2026 को बरामद कर उनके वास्तविक वाहन स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 19.03.2026 को डायल 112 पर ग्राम बलाही निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपनी बाइक चोरी होने की सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस एवं थाना महुली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच प्रारम्भ की गयी। जांच-पड़ताल के दौरान पाया गया कि यह घटना चोरी की न होकर भूलवश हुई बाइक अदला-बदली की थी। जांच में सामने आया कि एक अन्य व्यक्ति जो उसी स्थान पर सब्जी खरीदने आया था, गलती से समान प्रकार की दूसरी बाइक में अपनी चाबी लगाकर उसे लेकर अपने घर चला गया था। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए सम्बन्धित व्यक्ति के घर पहुंचकर दोनों बाइकों को सकुशल बरामद किया गया तथा वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 05 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा 170/126/135 बीएनएसएस में 04 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
थाना धनघटा पुलिस द्वारा 170/126/135 बीएनएसएस में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 138 वाहनों से 1,62,000 रू0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनाँक 20.03.2026 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 138 वाहनों से 1,62,000 रू0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

क्रैक साइबर क्राइम अभियान के तहत साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को साइबर सेल थाना बेलहरकला द्वारा 34743 रुपये की धनराशि पीड़ित के खाते में कराई गयी वापस

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री संदीप कुमार मीना*** के निर्देशन में क्रैक साइबर क्राइम अभियान के तहत साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने के क्रम में साइबर सेल थाना बेलहरकला पुलिस टीम द्वारा सतत प्रभावी कार्रवाई कार्यवाही करते हुए साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को 34743 रुपये की धनराशि उनके खातों में वापस कराई गयी।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

वादी चन्द्रशेखर पुत्र रामकेवल निवासी ग्राम सांथा थाना बेलहरकला जनपद संतकबीरनगर दिनांक 13.03.2026 को वादी के मोबाइल नम्बर पर क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर लिंक भेजकर अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा आवेदक के क्रेडिट कार्ड से 34743 रुपये का खरीदारी कर लिया गया था तत्पश्चात वादी द्वारा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराया गया था जिसके उपरान्त तत्काल कार्यवाही करते हुए साइबर हेल्प डेस्क थाना बेलहरकला द्वारा 34743 रूपये (शत प्रतिशत) वापस करा दिया गया।

बरामदगी टीम- प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार, उ0नि0 श्री नन्दा प्रसाद, का0 दीनानाथ, का0 शैलेश यादव,म0का0 वैष्णवी शुक्ला।

संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आम जनमानस से अपील करती है कि:-
•किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर किसी अज्ञात खाते में पैसा ट्रांसफर न करें।
•बैंक अधिकारी बनकर आने वाले संदिग्ध कॉल / मैसेज पर विश्वास न करें।
•किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक, कॉल या संदेश पर अपनी बैंक जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड या यूपीआई पिन साझा न करें, सावधानी ही सुरक्षा है।
•साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करें या नजदीकी थाने के साइबर सेल को सूचित करें।

संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसहयोग से 06 स्थान पर लगवाये गये 27 सीसीटीवी कैमरे

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री संदीप कुमार मीना*** के निर्देशन में चलाये जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र हर घर कैमरा अभियान के तहत आज दिनाँक 20.03.2026 को संतकबीरनगर पुलिस द्वारा जनसहयोग से 06 स्थान पर 27 सीसीटीवी कैमरें लगवाये गये। थाना धनघटा पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 04 कैमरा, थाना महुली पुलिस द्वारा 03 स्थान पर 11 कैमरा, थाना बखिरा पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 08 कैमरा, थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 04 कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया जा रहा है कि वे अपने अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरुर लगवाएं और कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें, जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके, आपका यह छोटा सा प्रयास कानून व्यवस्था बेहतर करने में बहुत कारगर होगा।